# एआइ और डेटा एनालिटिक्स जैसे टूल्स से मजबूत होगा निगरानी तंत्र: बिरला




**मुंबई @ पत्रिका ब्यूरो.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वित्तीय जवाबदेही बढ़ाने और प्रौद्योगिकी आधारित शासन को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआइ और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक तकनीकी टूल्स का लाभ उठाकर, निगरानी तंत्र को अधिक सटीक और प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

बिरला ने यह बातें संसद और राज यों /संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों की एस्टीमेट कमेटियों के सभापतियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि संसदीय और विधानमंडलों की समितियो का काम सहयोग और सुधार के साधन के रूप में कार्य करते हुए रचनात्मक मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस दौरान महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर उपस्थित रहे।